आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. श्रम मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर पंजीकृत करने का अनुरोध किया है।

2. श्री विजयपुरम के पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में पुलिस कांस्टेबल के चौहतरवें बैच का पासिंग आउट परेड आयोजित।

3. अण्डमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

4. फिट इंडिया मुहिम के तहत नेताजी स्टेडियम में महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित।

<><><><><><><>

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग कर किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए ई—श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। यह योजना देश के इकतीस हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। देश की अर्थव्यवस्था में गिग और ऑनलाइन प्लेटफार्म से नौकरी प्राप्त करने वाले श्रमिकों के योगदान को स्वीकार करते हुये केन्द्रीय बजट में ई—श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><>

पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर के परेड मैदान में कल पुलिस कांस्टेबल के चौहत्तरवें बैच ने अपने कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस समारोह में दो सौ अड़तालिस भर्ती प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और नवनियुक्त कांस्टेबलों के परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अण्डमान निकोबार पुलिस के पुलिस महानिदेशक हरगोविंदर सिंह धालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने विभाग में कांस्टेबलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसकर्मियों की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता का विश्वास जीतने के लिए समर्पण और ईमानदारी से सेवा

करनी होगी। उन्होंने आपराधिक कानूनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास प्राथमिकता होनी चाहिए।

कार्यक्रम में गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के डॉक्टर धरमेश कुमार प्रजापति, रिसर्च ऑफिसर आदित्य पुरोहित ने भी भाग लिया। इस भव्य परेड के साथ ही नवनियुक्त कांस्टेबल पुलिस सेवा में नए सफर की ओर अग्रसर हो गए हैं, जो समाज को आवश्यकताओं के अनुरूप सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल कैम्पबेल बे में रैली का आयोजन किया गया। रैली को खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कैम्पबेल बे सामुदायिक भवन में जाकर सम्पन्न हुई। इस रैली में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र सिंह, पंचायत प्रमुख ई.एस. राजेश सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय में कल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह अदालत न्यायिक मजिस्ट्रेट शोविक घोष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर सहायक आयुक्त डॉक्टर केशव नरेन्द्र सिंह और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के अधिकारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में कुल इक्तालिस आपराधिक मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से तैंतीस मामलों को मौके पर ही निपटाया गया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन की ओर से कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। होटल टीएसजी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दक्षिण अण्डमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चामाड़िया मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती है। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं को देवी का रूप तो देते ही हैं, लेकिन आज का युग उन्हें समानता का अधिकार देने का है। उन्होंने खेलों से जुड़ी महिलाओं पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त निदेशक प्रकाश वैद्य, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक एन. वेलमुरूगन, टीएसजी भास्कर, रेखा भास्कर, रत्ना कन्नन सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई और उनके लिए और अधिक अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला समन्वयक गोपाल बिश्वास और डॉक्टर सुनीता पाटिल के साथ–साथ पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए महिलाओं में सशक्तिकरण बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन अंटोवा के अध्यक्ष सिमसन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल नेताजी स्टेडियम में खेल और युवा कार्य विभाग की ओर से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसका उददेश्य फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत सभी महिलाओं को खेल से जोड़ना रहा, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के साथ–साथ अपनी फिटनेस का भी ध्यान रख सके। इस अवसर पर खेल एवं युवा कार्य निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि जब एक मां खेलेगी, तो वे अपने आने वाले पीढ़ी को भी खेल के प्रति प्रोत्साहित करेगी।

उधर महिला मोर्चा की अध्यक्ष और पंचायत प्रमुख चम्पा दास, सीपीघाट जिला परिषद सदस्य सारिका देवी के सहयोग से कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहीद द्वीप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रधान पिंकी दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं से हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>